तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 25 अप्रैल 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 प्रशिक्षण में मिली सीख जीवन में उतारें और करें सार्थक: डीईओ



13 दीक्षांत यादव ने राष्ट्रीय बेसबॉल में रजत पदक...



## अतिरिक्त गैस एजेंसी की मांग, सांसद विजय बघेल को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय में रसोई गैस की बढ़ती मांग को लेकर अब जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की चिंता खुलकर सामने आने लगी है। शहर में एक और गैस एजेंसी खोलने की मांग को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक दीपेश साहू की मौजूदगी में क्षेत्रीय सांसद विजय बघेल को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि बेमेतरा शहर में लंबे समय से केवल एक ही भारत गैस एजेंसी संचालित है, जबकि शहर की जनसंख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में एकमात्र एजेंसी पर अत्यधिक दबाव पड़ने से उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है।

जनप्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था के कारण लोगों को गैस बुकिंग से लेकर डिलीवरी तक कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई बार उपभोक्ताओं को लंबा इंतजार करना पड़ता है, वहीं समय पर आपूर्ति नहीं होने से घरेलू कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा एजेंसी संचालक पर मनमानी करने के भी आरोप लगाए गए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि शिकायत के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है, जिससे आम जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### एक एजेंसी पर निर्भरता बनी मुसीबत, जनप्रतिनिधियों ने लगाई गुहार

#### बढ़ती आबादी के अनुपात में जरूरी नई एजेंसी

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि बेमेतरा शहर का विस्तार तेजी से हो रहा है और नए वार्डों के जुड़ने से उपभोक्ताओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। ऐसे में एक अतिरिक्त गैस एजेंसी की स्थापना समय की आवश्यकता बन गई है। जनप्रतिनिधियों ने मांग की कि शहर के अलग-अलग क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए दूसरी गैस एजेंसी स्वीकृत की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को बेहतर और समयबद्ध सेवा मिल सके।



#### सांसद ने दिया सकारात्मक आश्वासन

सांसद विजय बघेल ने ज्ञापन प्राप्त कर समस्या को गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुविधा सर्वोपरि है और इस दिशा में संबंधित विभाग एवं गैस कंपनी से चर्चा कर उचित पहल की जाएगी। ज्ञापन देने के दौरान ज़िला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू ,पूर्व ज़िला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ,हर्ष तिवारी ,अंजू बघेल ,उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, सभापति गौरव साहू, पंचू साहू, नीतू कोठारी विकास तम्बोली राजकुमार खांडे, लक्की साहू, विजय वर्मा ,मोंटी साहू ,नीलू राजपुत सहित बड़ी सख्या मे कार्यकर्ता शामिल रहे।

### खबर संक्षेप

#### जनसुनवाई में डीआईजी ने सुनी जनता की समस्याएं



**बेमेतरा।** पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) रामकृष्ण साहू ने जिले में आम नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं को सुनने हेतु जनसुनवाई आयोजित की। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं । जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को डीआईजी ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों को त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तात्कालिक महत्व की कई शिकायतों का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि जिन मामलों में विस्तृत जांच की आवश्यकता है, उन्हें विधिवत दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर स्टेनो संतोष सोनवानी, शिकायत शाखा प्रभारी सउनि विष्णु सप्रे सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### लापरवाही

#### बारातों में बढ़ा जोखिम भरा सफर, नियमों की खुली अनदेखी

## नियम को ठेंगा, मालवाहकों पर बारात निकालने का सिलसिला जारी, कार्रवाई खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में एक ओर सड़क हादसों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, वहीं दूसरी ओर शादी-विवाह के सीजन में लापरवाही और बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग बारात ले जाने के लिए पिकअप, छोटे मालवाहक वाहन और ट्रैक्टर-ट्रॉली का बेधड़क उपयोग कर रहे हैं।

■ हादसों के बाद भी नहीं लिया सबक

इन वाहनों में क्षमता से कई गुना अधिक लोगों को बैठाकर न सिर्फ यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, बल्कि दर्जनों लोगों की जान एक साथ जोखिम में डाली जा रही है।इन खतरनाक स्थितियों के बावजूद यातायात पुलिस की भूमिका संतोषजनक नहीं दिख रही है। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर केवल सामान्य चालान काटकर कार्रवाई पूरी कर ली जाती है। कई जगह फोटो सेशन कर औपचारिकता निभाई जाती है और फिर वाहन को आगे बढ़ने दिया जाता है। इससे न तो नियमों का डर बन पा रहा है और न ही इस प्रवृत्ति पर रोक लग रही है।

#### पथर्रा हादसा और ताजा घटनाएं भी बेअसर

पिछले वर्ष अप्रैल में ग्राम पथर्रा में पिकअप वाहन हादसे में 3 मासूमों सहित 9 लोगों की मौत ने पूरे जिले को झकझोर दिया था। उस वक्त भी मालवाहक वाहन में क्षमता से अधिक लोग सवार थे। इसके बाद सख्त निर्देश जारी किए गए, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। हाल ही में बलौदाबाजार मार्ग पर हुए हादसे में भी बेरला ब्लॉक के आनंदगांव की एक महिला और युवती की मौत ने फिर से इस लापरवाही को उजागर किया है।



#### सख्ती के साथ जागरूकता जरूरी

विशेषज्ञों का मानना है कि इस समस्या के समाधान के लिए केवल चालान काटना पर्याप्त नहीं है। प्रशासन को विशेष अभियान चलाकर सख्ती करनी होगी, साथ ही लोगों को भी जागरूक करना जरूरी है कि थोड़ी सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। जब तक सुरक्षित परिवहन के विकल्प और कड़ी निगरानी सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक ऐसे हादसे रुकने मुश्किल नजर आते हैं।

#### मजबूरी, परंपरा या लापरवाही?

ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन की कमी के चलते लोग सस्ते और आसानी से उपलब्ध साधनों का सहारा लेते हैं। वहीं बारातों में एक साथ बड़ी संख्या में लोगों को ले जाने की परंपरा भी इस प्रवृत्ति को बढ़ावा देती है। लेकिन यह सुविधा कई बार जानलेवा साबित हो रही है।

#### हर दिन सड़कों पर दिख रहा खतरनाक नजारा

जिले की सड़कों और नेशनल हाईवे पर इन दिनों बारातियों से भरे मालवाहक वाहन आम दृश्य बन चुके हैं। कई मामलों में लोग खड़े होकर या किनारों पर लटककर सफर करते नजर आते हैं। रात के समय यह खतरा और बढ़ जाता है, जब दृश्यता कम होने के कारण हादसों की आशंका कई गुना बढ़ जाती है।

## बस-बाइक भिड़ंत में युवक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



नांदघाट थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे 19 वर्षीय उमाशंकर गायकवाड़, पिता मनहरण गायकवाड़, निवासी ग्राम मंदवानी (मुंगेली) अपने साथी देवेंद्र कुमार निवासी चंदखुरी (मुंगेली) के साथ बाइक से सम्बलपुर- नांदघाट मार्ग पर जा रहा था। इसी दौरान करही-कांपा गांव के पास मोड़ में विपरीत दिशा से आ रही यात्री बस से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और उमाशंकर गायकवाड़ करीब 20 फीट तक घसीटता चला गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, गंभीर रूप से घायल देवेंद्र कुमार को तत्काल इलाज के लिए भेजा गया, जहां से उसकी हालत नाजुक होने पर बिलासपुर रेफर कर दिया गया। घटना की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंच गए। दोनों युवक सड़क पर खून से ▶▶| शेष पेज 13 पर

## अवैध उत्खनन, 6 वाहन जब्त, 1.63 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए विशेष अभियान चलाया।

23 से 24 अप्रैल तक चले अभियान में खनिज विभाग की टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान कुल 6 वाहनों को जप्त किया गया, जिनमें 4 रेत से भरे, 1 ईंट से भरा और 1 चूनापत्थर से भरा वाहन शामिल है। सभी वाहनों को नियमानुसार जप्त कर सुरक्षित अभिरक्षा में रखा गया है। संबंधित वाहन चालकों और संचालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। खनिज विभाग के अनुसार, इन मामलों में खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23-ख के तहत कार्रवाई की गई है। प्रकरणों में कुल 1,63,250 रुपये का अर्थदंड निर्धारित किया गया है, जिसकी वसूली प्रक्रिया जारी है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को नियमित निगरानी और निरीक्षण के निर्देश दिए हैं, ताकि खनिज संसाधनों के अवैध दोहन पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।




## सघन बस्ती के बीच आग, टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर



नगर पंचायत देवकर के वार्ड क्रमांक 01 में शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे अचानक भीषण आग लग गई। यह आग अनिल सिहोरे के घर से लगे बैयारा (खेत परिसर) में रखी करीब 8 ट्रैक्टर पराली (पैरा) में भड़क उठी, जो देखते ही देखते धू-धू कर जलकर राख हो गई। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात बताया जा रहा है। घटना स्थल घनी आबादी के बीच होने के कारण कुछ ही देर में हालात भयावह हो गए और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

आग की ऊंची लपटें उठते देख आसपास के लोग दहशत में आ गए और अपने घरों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हो उठे। स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन सूचना देने के करीब 3 घंटे बाद तक दमकल वाहन मौके पर नहीं पहुंचा। लगातार कॉल करने के बावजूद भी राहत नहीं मिलने से लोगों में भारी आक्रोश देखा गया।

#### अग्निशमन व्यवस्था पर उठे सवाल

जिले में अग्निशमन व्यवस्था की स्थिति एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। हाल ही में नगरी निकायों में खड़ी फायर ब्रिगेड और संबंधित अधिकारियों के इमरजेंसी नंबर जारी किए गए थे, लेकिन जरूरत के समय कई जगहों पर वाहन खराब होने का हवाला दिया जा रहा है। ऐसे में लोगों ने इसे केवल औपचारिकता करार देते हुए प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

#### पड़ोसियों की तत्परता से बची बड़ी अनहोनी

फायर ब्रिगेड के समय पर नहीं पहुंचने के बावजूद स्थानीय नागरिकों ने हिम्मत दिखाई और खुद ही आग बुझाने में जुट गए। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे, देवी सिंह और अशोक सिहोरे सहित अन्य पड़ोसियों ने अपने-अपने घरों के ट्यूबवेल चालू कर करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो यह घटना बड़े हादसे का रूप ले सकती थी और आसपास के कई मकान इसकी चपेट में आ सकते थे।



## खबर संक्षेप

### ब्लैक आउट मॉक एक्सरसाइज आज

दुर्ग। भारत सरकार गृह मंत्रालय महानिदेशालय अग्निशमन सेवा नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक नई दिल्ली के पत्रानुसार नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों, एनसीसी एवं होमगार्ड जवानों को सिविल डिफेंस, एयर रेडियो, ब्लैकआउट मॉक एक्सरसाइज हेतु मॉक अभ्यास 24 अप्रैल को शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट दुर्ग कैंपस केन्द्रीय विद्यालय के पास किया जाएगा। उक्त मॉक अभ्यास हेतु कलेक्टर दुर्ग द्वारा विभिन्न विभाग के अधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपे गये हैं। साथ ही मॉक अभ्यास के समय शाम 05 बजे से रात्रि 08 बजे तक उपस्थिति सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है।

### जसप्रीत सिंह को दुर्ग जिला अध्यक्ष की कमान

दुर्ग। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ ने संगठन विस्तार की दिशा में अहम कदम उठाते हुए दुर्ग जिले में नई नियुक्ति की घोषणा की है।



पार्टी ने जसप्रीत सिंह को दुर्ग जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। यह निर्णय पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक के मार्गदर्शन में लिया गया है। साथ ही दिल्ली के विधायक और छत्तीसगढ़ सह-प्रभारी मुकेश अहलावत के दिशा-निर्देश में प्रदेश स्तर पर संगठन को मजबूत करने के प्रयास तेज किए गए हैं। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि जसप्रीत सिंह लंबे समय से जनहित के मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं और जमीनी स्तर पर उनकी पकड़ मजबूत है। इसी सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

### प्रवीण को युमो में जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

भिलाई। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व जिला संयोजक प्रवीण यादव को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।



प्रवीण यादव लंबे समय से छात्र और युवा राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में जिला संयोजक के रूप में उन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ युवाओं और विद्यार्थियों के बीच प्रभावी कार्य किया है। प्रवीण यादव ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा, समर्पण और मेहनत के साथ निर्वहन करेंगे।

### प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए नोडल तय

दुर्ग। देश की प्राचीन ज्ञान परंपरा को सहेजने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा संचालित ज्ञानभारतम् मिशन के तहत दुर्ग जिले में राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। अब तक जिले में किए गए 4 सर्वेक्षणों में 74 पांडुलिपियों की पहचान कर उन्हें रिकॉर्ड पोर्टल पर दर्ज किया जा चुका है। यह अभियान आगामी 15 जून तक जारी रहेगा। संकलन के लिए डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

---

**रात 10 बजे के बाद डीजे और लाउड स्पीकर के उपयोग पर नगर निगम दुर्ग के वर्तमान और पूर्व मेयर में रार, आपसी खींचतान बढ़ी**

## ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले मैरिज पैलेस और भवनों को लेकर महापौर बाघमार हुईं सख्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸। दुर्ग

ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण को लेकर महापौर अल्का बाघमार ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बाराज और अन्य कार्यक्रमों के दौरान पेपर कंफेटी मशीन के उपयोग पर जुर्माना से लेकर पैलेस का लाइसेंस निरस्त करने तक की चेतावनी दी है। इसके बाद शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। इस पूरे मामले को लेकर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा है कि यह सीधे तौर पर हिटलरशाही है। मैरिज पैलेज और अन्य धार्मिक आयोजन स्थलों को परेशान करने के लिए ऐसा निर्णय दुर्ग निगम ने लिया है। वैसे भी इसे लेकर कार्रवाई का अधिकार जिला प्रशासन के पास सुरक्षित है। वाहवाही बटोरने और मैरिज पैलेस को परेशान करने के लिए महापौर ने किसी के इशारे पर ऐसा निर्णय लिया है। इसका कांग्रेस हर मोर्चे पर विरोध करेगी।



**रात 10 बजे के बाद कहीं भी डीजे या तेज आवाज में लाउड स्पीकर का उपयोग नहीं:** महापौर अलका बाघमार ने स्पष्ट किया है कि निगम सीमा क्षेत्र में रात 10 बजे के बाद तेज आवाज में डीजे, लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने बताया कि निगम अमला द्वारा रात 10 बजे के बाद विशेष निगरानी रखी जाएगी। यदि इस दौरान कहीं भी हाई वॉल्यूम में डीजे बजता पाया गया, तो सबसे पहले डीजे संचालक और उसके बाद संबंधित भवन, लॉन या मैरिज गार्डन संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शादियों एवं अन्य आयोजनों में तेज ध्वनि के कारण यदि ट्रैफिक जाम या आमजन को परेशानी होती है, तो संबंधित मैरिज गार्डन या बैंक्वेट हॉल के लाइसेंस निरस्त करने की भी कार्रवाई की जाएगी। महापौर अलका बाघमार ने यह भी निर्देश दिए हैं कि बारात के दौरान पेपर कंफेटी (कागज के टुकड़े) उड़ाने वाली मशीनों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ऐसा पाए जाने पर मशीन को जब्त किया जाएगा तथा संबंधित पर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

## ध्वनि प्रतिबंध के नाम पर मनमानी, निगम को नहीं अधिकार, कांग्रेस करेगी विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸। दुर्ग

पूर्व महापौर और वर्तमान में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि ध्वनि प्रतिबंध के नाम पर मनमानी की तैयारी है। निगम का आदेश अधिकार क्षेत्र से बाहर का यह मामला है।उन्होंने सवाल उठाया कि क्या इस प्रकार के आदेश जारी करना नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आता है, ध्वनि नियंत्रण से जुड़े विषय स्पष्ट रूप से प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अंतर्गत आते हैं, ऐसे में निगम द्वारा इस प्रकार का आदेश जारी करना नियमों के विपरीत एवं भ्रम की स्थिति उत्पन्न करने वाला है। धीरज बाकलीवाल ने कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह से द्वेषपूर्ण और एकतरफा प्रतीत होती है, जिसमें बिना किसी जनपरामर्श के सीधे सख्त प्रतिबंध थोपे जा रहे हैं। इससे आम नागरिकों, आयोजकों एवं व्यवसाय से जुड़े लोगों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि विवाह एवं सामाजिक आयोजन हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं। ऐसे आयोजनों में अनावश्यक सख्ती और लाइसेंस निरस्तीकरण जैसी चेतावनी देना न केवल अनुचित है, बल्कि हजारों लोगों के रोजगार पर भी असर डाल सकता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस आदेश को तत्काल वापस लिया जाए और यदि कोई नियम बनाना है तो वह जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं संबंधित विभागों से चर्चा के बाद ही बनाया जाए। धीरज बाकलीवाल ने चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार के जनविरोधी आदेश वापस नहीं लिए गए, तो कांग्रेस पार्टी जनहित में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। बाकलीवाल ने कहा कि निगम का यह निर्णय केवल मैरिज पैलेस को टारगेट करने के लिए लिया गया है। शहर में और भी संस्थान हैं, जहां धड़ल्ले से नियमों को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है। कार्रवाई हो तो सब पर होनी चाहिए।

---

**पाइप लाइन का टेंडर होने के बाद भी भिलाई निगम ने नहीं दिया ध्यान, गर्मी में कॉलोनीवासी परेशान**

## लाखों-करोड़ों रुपए खर्च कर बनाया अपना आशियाना, बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे लोग



*भिलाई नगर निगम के जोन 1 अंतर्गत वार्ड 1 खम्हरिया जुनवानी क्षेत्र में लगभग 50-60 घरों की श्री रेसीडेंसी नाम की कालोनी है। यहां लोगों ने 80 लाख से एक करोड़ रुपए तक लगाकर घर बनाया कि वो पॉश कालोनी में रह पाएंगे। उनके बच्चों को एक सिक्योर्ड माहौल मिलेगा। इस कालोनी में कई अधिकारी और बड़े बिजनेसमैन तक रह रहे हैं, लेकिन गर्मी के मौसम ने उनके अरमानो में पानी फेर दिया।*

### गार्डन के एक बोर पर पूरी कॉलोनी निर्भर

यहां के रहवासी राकेश धनकर ने बताया कि कालोनी में गार्डन में लगे एक मात्र बोर से पानी आ रहा है। उसमें हर आधे घंटे में थोड़ा पानी आर रहा है। इसलिए कालोनी के लोग एक राय होकर उस बोर से अपने उपयोग के लिए पानी भर रहे हैं और उसका स्टोर कर अपना काम चला रहे हैं।





### आसपास की कॉलोनी भी जूझ रही जल संकट से

इस कालोनी के पास चौहान ग्रीन वेली से लेकर कई बड़ी और पॉश कालोनी स्थित हैं। यहां बिल्डर ने बोर कराकर पानी देने का सपना तो दिखा दिया, लेकिन बोर के हलक सूख जाने से लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। पिछली बार भी पानी की किल्लत को लेकर यहां काफी बड़ा आंदोलन हुआ था। इसके बाद राजनीतिक हस्तक्षेप के बाद यहां टैंकर से पानी की सप्लाई की गई थी। इस अभी गर्मी को दो महीने शेष हैं। यदि पानी सप्लाई की सही व्यवस्था नहीं हुई तो फिर से यहां पानी को लेकर जन आंदलन होने के आसार बन रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▸▸। भिलाई

यहां के रहवासियों ने अपने घरों में बोर तो कराया है, लेकिन जमीन का वाटर लेवल कम होने से बोर सूख गए हैं। उनसे पानी ही नहीं आ रहा है। यह समस्या पिछले दो तीन सालों से लगातार हो रही है। इसको देखते हुए यहां के रहवासी राकेश धनकर ने कुछ लोगों के साथ डिप्टी सीएम अरुण साव और सीएम तक से मुलाकात की थी। उनकी समस्या को देखते हुए शासन के आदेश पर इस कालोन में पाइप लाइन बिछाने के लिए 22.3 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। भिलाई निगम ने निवदा भी जारी की और टेंडर भी हो गया। यह काम अप्रैल 2026 तक पूरा हो जाना था, लेकिन जिस ठेकेदार को काम मिला है उसने कालोनी के बाहर तक पाइप लाइन बिछाकर काम बीच में छोड़ दिया। उसका कहना है कि निगम के अधिकारियों ने काम रोकने को कहा। ऐसे में कालोनी वासियों का कहना है वो लोग निगम का हर साल लाखों रुपए का टैक्स पटाते हैं। निगम की जम्मेदारी है कि वो हर घर तक पानी पहुंचाए, लेकिन निगम ने उनकी कालोनी का काम रोक दिया है। इससे उनके परिवार के लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। कालोनीवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द कालोनी के अंदर पाइप लाइन को बिछाएं, जिससे घरों तक पानी पहुंच सके।

---

**नियुक्त किए गए प्रभारी अधिकारी**

## जेल तिराहा से मिनी माता चौक तक कब्जा हटाने की मुहिम




हरिभूमि न्यूज ▸▸। दुर्ग

जेल तिराहा से मिनी माता चौक तक फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाना है। इसके अलावा सड़क के दोनों तरफ ड्रेन का निर्माण होना है। इसे लेकर काम शुरू हो चुका है। करोड़ों रुपए के इस प्रोजेक्ट में सड़क के दोनों तरफ से अतिक्रमण भी हटाया जाना है।

गुरुवार को अतिक्रमण हटाने की शुरुआत की गई। पुलगांव चौक के आसपास से अतिक्रमण हटाया गया। इससे पहले सर्वे कर सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही अतिक्रमण दल का गठन किया गया है। इसमें सहायक अभियंता गिरीश दीवान को प्रभारी बनाया गया है। उनकी टीम में उप अभियंता सिद्धार्थ साहू, विनोद मांझी, राजस्व उपनिरीक्षक ईश्वर वर्मा, परमेश्वर को शामिल किया गया है। गुरुवार को तोड़दस्ते ने कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान निगम के अधिकारी मौजूद थे। पुलगांव चौक के आसपास निगम ने नालियों पर पक्का निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की।

- **अतिक्रमण करने वाले 112 लोगों को थमाया नोटिस**

### लोक निर्माण विभाग ने 112 लोगों की सूची तैयार की

जानकारी के मुताबिक सड़क चौड़ीकरण का काम लोक निर्माण विभाग को करना है। विभाग की टीम ने सर्वे कर करीब 112 लोगों के अतिक्रमण को चिन्हित किया है। उन्हें नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने कहा गया है। साथ ही निगम और पुलिस को अतिक्रमण हटाने के लिए सहयोग के लिए पत्र व्यवहार किया गया है। आगामी दिनों में तारीख तय कर ऐसे सारे अतिक्रमण को तोड़ने की तैयारी है। इसे देखते हुए ही निगम ने दल का गठन किया है।

---

## मंडी बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 अप्रैल को, 2 घंटे पहले पहुंचना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸। दुर्ग

**परीक्षा केन्द्र के द्वार सुबह 9.30 बजे होंगे बंद**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड के अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन रविवार 26 अप्रैल को किया जा रहा है। इस परीक्षा में कुल 38,937 अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिसके लिए दुर्ग जिले में 123 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक निर्धारित है। अभ्यर्थियों की सुविधा और सुचारू संचालन के लिए नोडल अधिकारी द्वारा विशेष निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत परीक्षार्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने केंद्र का अवलोकन करने की सलाह दी गई है। परीक्षा दिवस पर अभ्यर्थियों को कम से कम 2 घंटे पूर्व पहुंचना अनिवार्य है ताकि उनके फोटो युक्त मूल पहचान पत्र का सत्यापन और सुरक्षा जांच की जा सके। विशेष रूप से ध्यान देने योग्य बात यह है कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार प्रातः 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा, जिसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा के दौरान अनुशासन और शुचिता बनाए रखने के लिए परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े और फुटवियर के रूप में चप्पल पहनकर आना होगा। गहरे रंग जैसे काले, नीले, हरे, जामुनी, मैरून और चॉकलेटी कपड़ों का उपयोग पूर्णतः वर्जित है। जो अभ्यर्थी धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक पहनकर आएंगे, उन्हें सामान्य समय से पहले केंद्र पर रिपोर्ट करना होगा और अतिरिक्त सुरक्षा जांच के बाद ही अनुमति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना वर्जित है। परीक्षा कक्ष में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, बेल्ट, टोपी या स्कार्फ जैसे किसी भी उपकरण या सामग्री को ले जाना प्रतिबंधित है। अभ्यर्थियों को केवल काले या नीले बॉल पॉइंट पेन साथ लाने की अनुमति होगी।

## मालवीय नगर चौक बना ब्लैक स्पॉट, आए दिन हो रहे हादसे...



दुर्ग। शहर का प्रमुख चौक मालवीय नगर इन दिनों ब्लैक स्पॉट के रूप में पहचान बना रहा है। आए दिन इस चौक के आसपास हादसे हो रहे हैं। एक दिन पहले बुधवार को एक माल वाहक हादसे का शिकार हो गया। वह अनियंत्रित होकर चौक के करीब स्थित एनसी नाहर के घर की दीवार से टकरा गया। चालक को साधर चोटें आएं, लेकिन बड़ी संख्या में लोग जुटे। पूर्व पार्षद विजय जलकारे ने बताया कि लगातार हादसे हो रहे हैं। इसके बाद भी चौक पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं है। विगत वर्षों मैं सड़क दुर्घटनाओं के रिकॉर्ड के अनुसार शहर में सर्वाधिक दुर्घटना मालवीय नगर चौक में ही हुई है। बुधवार की सुबह करीब 5 बजे राजनंदगांव की ओर से भिलाई की ओर जा रही फलों से भरा माल वाहक सीजी 07 सीजेड 9809 के सामने भिलाई से दुर्ग रेलवे स्टेशन की ओर जा रही एक कार चौक में अचानक आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में मिनी ट्रक चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और उसकी ट्रक एनसी नाहर के घर के बाहरी दीवार में जाकर टकराई। जलकारे ने कहा कि सिग्नल बंद रहने के समय अधिकांश हादसे होते हैं।

---

## पटेल चौक में कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸। दुर्ग

जिला भाजयुमो ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित नहीं होने पर कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों का पुतला दहन दुर्ग के पटेल चौक में भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के मुख्य उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री दिलीप साहू, उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, झुग्गी झोपड़ी प्रदेश सह संयोजक दिनेश देवांगन, प्रवक्ता रितेश शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री कुमुद बघेल आदि मौजूदथे। भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस सहित समस्त विपक्षी पार्टियों के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए और इस कृत्य की कड़ी निंदा की। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम जिसमें महिलाओं को 33% आरक्षण देकर केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा उन्हें प्रोत्साहित उन्हें आगे बढ़ने का प्रयास किया जा रहा था। समस्त विपक्षी पार्टियां खासकर कांग्रेस पार्टी बची हुई अपनी राजनीतिक अस्तित्व को खो ना दे, इस भय से उन्होंने इस विधेयक को पारित नहीं होने दिया। भविष्य में देश की मातृ शक्तियां कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टी को इसका जवाब अवश्य देंगी। पुतला दहन में कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिला महामंत्री डॉ. भारती साहू, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष और जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, प्रिया साहू, ईश्वर देवांगन, दीपक सिन्हा सहित युवा व महिला मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।



**जिला पंचायत दुर्ग में एनसीएफई का जागरुकता कार्यक्रम**

## ऑनलाइन फ्रॉड के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी से बचने दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸। दुर्ग

जिला पंचायत दुर्ग में सीईओ बजरंग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र एनसीएफई के अंतर्गत एफईपीए फाइनेंशियल एजुकेशन फॉर एडल्ट का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से बैंक एफएलसीआरपी के लिए आयोजित किया गया, जिसमें कुल 48 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन एसईबीआई एवं एनसीएफई के प्रशिक्षक रवि आर्य द्वारा किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को वित्तीय साक्षरता, बचत एवं निवेश के मूल सिद्धांत, सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के बारे में सरल एवं व्यावहारिक तरीके से समझाया गया। इस सत्र में विशेष रूप से चिट फंड, ऑनलाइन फ्रॉड एवं निवेश के नाम पर होने वाली ठगी से बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिससे महिलाएं अपने मेहनत की कमाई को सुरक्षित रख सकें। इस उपयोगी पहल के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबन्धक सागर पंसारी शामिल हुए। बैंक ऑफ बड़ौदा लीड बैंक से लेखराम ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। चर्चा के दौरान बैंक मित्रों ने सवाल भी पूछे, जिनका मास्टर ट्रेनर जवाब भी दिया। सामने आने वाली समस्याओं का निराकरण भी किया। साथ ही समय रहते अलर्ट रहने की अपील भी की।

**एफएलसीआरपी और बैंक मित्र को दी गई जानकारी**



### बैंकिंग, बीमा, पेंशन से जुड़ी योजनाओं की दी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न बैंकिंग, बीमा एवं पेंशन से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिससे वे अपने परिवार और समाज में वित्तीय रूप से अधिक सशक्त बन सकें। इस पहल के माध्यम से यह प्रयास किया गया कि बैंक मित्र और एफएलसीआरपी स्वयं जागरूक बनकर गांव-गांव में वित्तीय साक्षरता का संदेश फैलाएं और अन्य महिलाओं को भी सशक्त बनाएं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई।

## खबर संक्षेप

### आकाश बने भाजयुमो जिला सह कोषाध्यक्ष



**बेमेतरा।** शहर के आकाश रोहरा को जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा का सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। आकाश की इस नियुक्ति पर जिले के भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त किया। पार्टी संगठन द्वारा भाजयुमो जिला सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दिए जाने पर आकाश रोहरा ने जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जवाबदारी भी है। उन्होंने कहा कि वे संगठन की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। युवाओं को पार्टी से जोड़ने, उनकी समस्याओं को उठाने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए सतत प्रयास करेंगे। आकाश ने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह दायित्व सौंपा है, उस पर खरा उतरने के लिए वे पूरी मेहनत और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। आकाश को बधाई देने वालों में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, गौरव साहू, हर्ष तिवारी, अभिषेक यादव, भाजपा मीडिया प्रभारी दीपक मोटवानी, जिला भाजपा उपाध्यक्ष प्रणीश रजक, केशव, रामकुमार, मनोज कुमार, विकास तंबोली, विवेक सिंह सहित अन्य भाजपा एवं भाजयुमो कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल थे।

### निकिता को मिली पीएचडी की उपाधि

**पाटन।** वार्ड क्रमांक 3 की निवासी निकिता मिश्रा ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से बायोटेक्नोलॉजी विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होंने "इन विट्रो कंजर्वेशन ऑफ डिप्लोसाइक्लोज पालमेट्स (एल.) सी. जेफरे थ्रू वेरियस मेथड" विषय पर अपना शोधकार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया, जो वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। निकिता ने अपना शोधकार्य रुवांबांधा स्थित में सुपरवाइजर (गाइड) डॉ. उज्ज्वला सूपे के मार्गदर्शन में पूरा किया।

### ईश्वर के बिना जीव का कोई आधार नहीं : अवस्थी

**उतई।** ईश्वर के बिना जीव का कोई आधार नहीं है उक्त बातें बजरंग चौक डुन्डेरा में आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कथावाचक पं संतोष अवस्थी ने सृष्टि प्रकरण का सविस्तार वर्णन किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर द्वारा रचित सृष्टि अद्वितीय है ईश्वर है, तभी जीव का अस्तित्व है जैसे अमर बेल जब भी पनपेगा तो वृक्ष का आधार लेकर क्योंकि यह परजीवी है। अमर बेल का वृक्ष के बिना कोई आधार नहीं है। ठीक वही स्थिति जीव की है।

पेज 11 का शेष

### बस-बाइक भिड़ंत में

लथपथ हालत में पड़े मिले। सूचना मिलते ही नांदघाट पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी बस चालक व संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

Satya TRUCKING PVT. LTD.
आवश्यकता है
बिजनेस एक्जीक्यूटीव
योग्यता - ग्रेजुएशन,
स्थान- रायपुर (1 पद), नारायणपुर (1 पद), डोंगरगढ़ (1 पद), दल्ली राजहरा (1पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
रिटेल फायनेंस मैनेजर
योग्यता - ग्रेजुएशन, स्थान- रायपुर (1 पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
कस्टमर केयर मैनेजर
योग्यता - ग्रेजुएशन, स्थान- रायपुर (1 पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
इलेक्ट्रीशियन+मैकेनिक
योग्यता - आईटीआई/डिप्लोमा
स्थान: रायपुर - 15 पद, राजनांदगांव-4 पद
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
फ्रेशर भी आवेदन कर सकते हैं।
अपना अपडेटेड रेज्यूम भेजें
noman.sinha@teamsatya.in
या कॉल करें
7748900111, 9098750248
जी.ई. रोड, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.)

# नवागढ़ नपं अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने फिर संभाली नगर की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़/बेमेतरा

## हाईकोर्ट से राहत के बाद नवागढ़ में कुर्सी वापसी

नगर पंचायत नवागढ़ की सियासत में शुक्रवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया, जब उच्च न्यायालय से राहत मिलने के बाद अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने पुनः पदभार ग्रहण कर लिया। जैसे ही उनके दोबारा कार्यभार संभालने की खबर फैली, समर्थकों में उत्साह का माहौल बन गया और नगर की राजनीति एक बार फिर गरमा गई।

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने 20 मार्च 2026 को आदेश जारी कर सिद्धांत चौहान को अध्यक्ष पद से हटा दिया था और आगामी कार्यकाल के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था। इस फैसले को चुनौती देते हुए उन्होंने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने उक्त आदेश के प्रभाव और क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगा दी, जिसके बाद उनकी कुर्सी पर वापसी का रास्ता साफ हो गया। हाईकोर्ट के आदेश लेकर सिद्धांत चौहान नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और पुनः अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान उनके समर्थकों ने उनका स्वागत किया और इसे जनता की जीत बताया।



### यह मेरी नहीं, जनता के विश्वास की जीत : चौहान

पदभार ग्रहण करने के बाद सिद्धांत चौहान ने नगरवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि नवागढ़ की जनता के विश्वास और आशीर्वाद की जीत है। उन्होंने कहा कि अब वे प्रतिदिन कार्यालय में उपस्थित रहेंगे ताकि आम नागरिक अपनी समस्याएं सीधे रख सकें और उनका त्वरित समाधान हो सके। उन्होंने साफ किया कि उनका लक्ष्य पारदर्शिता, विकास और जनसेवा है, और नगर के विकास को नई गति देने के लिए वे सभी को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे। नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने कहा कि उन्हें न्यायालय के आदेश की जानकारी मिल चुकी है। नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है और प्रशासन पूरी तरह न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप कार्य करेगा। दरअसल, अध्यक्ष बनने के बाद परिषद में मतभेद और पार्षदों के अलगाव के चलते कई प्रशासनिक चुनौतियां सामने आईं। इसी बीच राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 41 (क) के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें पद से हटा दिया था। अब हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद स्थिति बदल गई है।

### अब नजर अगली सुनवाई पर

फिलहाल, न्यायालय के आदेश के चलते सिद्धांत चौहान अध्यक्ष पद पर बने रहेंगे। अब सभी की निगाहें अगली सुनवाई पर टिकी हैं, जो नवागढ़ की राजनीति की दिशा तय करेगी। कुर्सी पर वापसी के साथ ही नवागढ़ में सियासी सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है।

## प्रशासन की कार्रवाई के बावजूद नहीं लग पा रही लगाम

# राजपुर में अवैध खनन जोरों पर, 120 ट्रक जब्ती के बाद भी जारी है खुला खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा विकासखंड के ग्राम पंचायत राजपुर में अवैध पत्थर खनन का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। कुछ समय पहले प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई में करीब 120 ट्रक पत्थर जब्त किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र में अवैध खनन और भंडारण पर पूरी तरह रोक नहीं लग पाई है। हालात यह हैं कि न तो जांच आगे बढ़ रही है और न ही जिम्मेदारों पर कोई ठोस कार्रवाई होती नजर आ रही है।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा जब्त कर पंचायत को सौंपे गए पत्थरों में भी अनियमितताएं हुई हैं। लोगों का कहना है कि जब्त पत्थरों को धीरे-धीरे अन्य स्थानों पर शिफ्ट किया गया और कुछ मामलों में उन्हें बेचने तक की बातें सामने आई हैं, जिससे पूरे मामले में मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। यदि यह आरोप सही हैं तो यह केवल अवैध खनन ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक कार्रवाई की विश्वसनीयता पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। इधर, राजपुर और आसपास के क्षेत्रों में अब भी कई जगहों पर पत्थरों का अवैध भंडारण खुलेआम देखा जा सकता है।

ग्रामीणों का कहना है कि कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है और प्रभावशाली लोगों पर अब तक कोई सख्ती नहीं हुई है। इससे यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या कार्रवाई केवल छोटे स्तर तक सीमित रही।

प्रारंभिक जांच में दो खदानों के संचालन की पुष्टि की गई थी, जिनमें से एक वैध और दूसरी संदिग्ध बताई गई। हालांकि स्थानीय लोगों का दावा है कि क्षेत्र में इससे अधिक खदानें संचालित हैं और कई स्थानों पर बिना लीज खनन जारी है। इससे जांच की पारदर्शिता और पूर्णता पर भी सवाल उठ रहे हैं। सबसे गंभीर मामला उस खदान का है जहां जांच के दौरान लगभग 13 मीटर यानी करीब 42 फीट गहराई तक खुदाई पाई गई। खनन नियमों के अनुसार सामान्यतः 6 मीटर तक ही खुदाई की अनुमति होती है और इससे अधिक के लिए विशेष स्वीकृति आवश्यक होती है। इसके बावजूद संबंधित खदान में अब भी खनन गतिविधियां जारी होने की बात सामने आ रही है, जबकि विभाग की ओर से अब तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि नियमों का उल्लंघन हुआ है या नहीं। खनन से जुड़े नियम स्पष्ट रूप से कहते हैं कि बिना वैध लीज खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है, पर्यावरणीय स्वीकृति अनिवार्य है और रॉयल्टी का भुगतान जरूरी है। इन नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना, लीज निरस्तीकरण और आपराधिक कार्रवाई का प्रावधान भी है, लेकिन राजपुर के मामले में इन प्रावधानों का प्रभावी पालन होता नजर नहीं आ रहा। न ही खनिज विभाग आज तक इस मामले में कोई कार्यवाही कर पाया है।

## प्रशासन द्वारा जब्त कर पंचायत को सौंपे गए पत्थरों में भी अनियमितता पाई



### लगातार अनदेखी और आधी-अधूरी कार्रवाई

लगातार अनदेखी और आधी-अधूरी कार्रवाई से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि वर्षों से अवैध खनन का यह खेल जारी है, लेकिन अब तक बड़े स्तर पर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए यह स्पष्ट करने को कहा है कि कौन सी खदान वैध है, कहां अवैध खनन हो रहा है और इस पूरे नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं। कुल मिलाकर, 120 ट्रक पत्थर की जब्ती के बावजूद यदि अवैध खनन और भंडारण जारी है, तो यह साफ संकेत है कि कार्रवाई अधूरी है और कहीं न कहीं सिस्टम कमजोर पड़ रहा है। जब तक पूरे मामले की पारदर्शी जांच कर सभी जिम्मेदारों पर समान रूप से कार्रवाई नहीं होती, तब तक यह मुद्दा शांत होने वाला नहीं है। अब सभी की नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# दीक्षांत यादव ने राष्ट्रीय बेसबॉल में रजत पदक जीतकर बढ़ाया मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

छोटे से नगर नवागढ़ से निकलकर एक युवा खिलाड़ी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। नगर के होनहार खिलाड़ी दीक्षांत यादव ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में दिल्ली में आयोजित 69वीं शालेय राष्ट्रीय बेसबॉल जूनियर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया है।

इस उपलब्धि के साथ दीक्षांत ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे नवागढ़ को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता में देशभर से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद दीक्षांत ने अपने खेल कौशल, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। उनके खेल की सराहना आयोजन समिति एवं उपस्थित खेल विशेषज्ञों ने भी की। दीक्षांत की इस उपलब्धि पर नगर में हर्ष का वातावरण है। स्कूल प्रबंधन ने इसे संस्थान के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। वहीं परिजनों हेमकांत यादव (बड़े पिता), शिवाल यादव, वीरेंद्र जायसवाल, आशीष जैन, शेखर यादव एवं चेतन यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए दीक्षांत को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्थानीय खेल प्रेमियों का कहना है कि सीमित संसाधनों के बावजूद नवागढ़ के खिलाड़ियों का इस तरह राष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करना यह साबित करता है कि प्रतिभा किसी सुविधा की मोहताज नहीं होती। यदि ऐसे खिलाड़ियों को उचित मार्गदर्शन और संसाधन मिले तो वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन कर सकते हैं। दीक्षांत यादव की यह सफलता नवागढ़ के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो यह संदेश देती है कि मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।



# बौद्धिक संपदा अधिकार को समझा विद्यार्थियों ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

■ फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स, महकाखुर्द, दुर्ग द्वारा ₹बौद्धिक संपदा अधिकारः आधुनिक युग में नवाचारों की सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान की निदेशक ख्याति साहू के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने नवाचारों को सुरक्षित रखने में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "प्रिज्म में हम मानते हैं कि हर विचार को सुरक्षा मिलनी चाहिए। यह कार्यशाला हमारे विद्यार्थियों को जागरूक बनाने की दिशा में एक कदम है, ताकि वे बिना किसी डर के नवाचार कर सकें।"इस सत्र की मुख्य वक्ता डॉ. शुभ्रता नागपाल, विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग थीं। डॉ. नागपाल ने पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और औद्योगिक डिज़ाइन जैसे विषयों पर अपने विस्तृत ज्ञान को साझा किया और छात्रों, शोधकर्ताओं एवं उभरते उद्यमियों के लिए इसके महत्व को समझाया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, आज की नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था में अपने विचारों की सुरक्षा करना उतना ही आवश्यक है जितना कि उन्हें उत्पन्न करना। हर विद्यार्थी को अपने भविष्य के योगदान को सुरक्षित करने के लिए आईपीआर की मूलभूत जानकारी होना जरूरी है। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के छात्रों एवं संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# बेटियां बढ़ा रहीं समाज का गौरव, ब्रांच मैनेजर बनी सोनल का सम्मान



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ आदिवासी विकास परिषद, जिला दुर्ग द्वारा मरोदा सेक्टर निवासी सोनल ठाकुर का सम्मान किया गया। सोनल वर्तमान में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं और अपनी मेहनत व लगन से इस मुकाम तक पहुंची हैं।

कार्यक्रम के दौरान परिषद के जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह ठाकुर ने कहा कि सोनल की उपलब्धि पूरे आदिवासी समाज के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और ऊंचे पदों पर पहुंचकर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे समाज का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी उपलब्धियां समाज के युवाओं, खासकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। इससे नई पीढ़ी को आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर सोनल ठाकुर को राजकीय गमछा पहनाकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। सोनल, समाजसेवी पतिराम ठाकुर और छत्तीसगढ़ आदिवासी विकास परिषद की प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रकला तारम की सुपुत्री हैं। कार्यक्रम में महिला जिलाध्यक्ष दिनेश्वरी भुआर्य, डालिया ढाले, भुवनेश्वरी उइके, मानकुंवर सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे और सोनल को बधाई दी।

## बच्चों को मिला पोषण का संस्कार, भोजन से पहले धोया हाथ, फिर प्रार्थना कर तोड़ा निवाला

**भिलाई।** दुर्ग के केंद्रीय कर्मचारी नगर स्थित वार्ड 16 के आंगनवाड़ी केंद्र में आदर्श महिला समिति के तत्वावधान में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद खिलावन मटियारा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजित इस भोज में बच्चों के लिए खीर-पूरी और फल का विशेष वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों को तिलक लगाकर की गई। इस दौरान बच्चों में संस्कार दिखाई दिया, भोजन से पूर्व बच्चों ने हाथ धोया। उसके बाद थाली के सामने हाथ जोड़कर प्रार्थना कर निवाला ग्रहण किया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष इंदु ढोक, उपाध्यक्ष रेखा पराते, सह सचिव ललिता मुन, सदस्य प्रमिला खापर्डे सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता डी. पुष्पा, त्रिवेणी और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। पार्षद खिलावन मटियारा ने कहा कि वार्ड में इस तरह के आयोजन लगातार होते रहने चाहिए।

# पाटन क्षेत्र के दो उपकेंद्रों में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर शुरू



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के विद्युत अधोसंरचना को मजबूती प्रदान करते हुए पाटन विद्युत संभाग के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण स्थानों पर नए पावर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक चार्ज किए गए। पाटन वितरण केंद्र के 33/11 केवी उपकेंद्र फुंडा और जामगांव (टी) वितरण केंद्र के 33/11 केवी उपकेंद्र घुघवा में 3.15 एमवीए क्षमता के अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए। इन दोनों उपकेंद्रों में पहले से ही 3.15 एमवीए के ट्रांसफार्मर स्थापित थे, जिनमें अब अतिरिक्त क्षमता विस्तार किया गया है। पावर ट्रांसफार्मर को कार्यपालक निदेशक (दुर्ग क्षेत्र) संजय खंडेलवाल ने उद्घाटन किया। इससे दोनों उपकेंद्रों की क्षमता बढ़कर 6.30 एमवीए हो गई है। इस विस्तार से पाटन वितरण केंद्र के ग्राम फुंडा, पुनाइदिह, अरसनारा, देवादा, सातरा सहित जामगांव (टी) वितरण केंद्र के घुघवा, करसा, बेंद्र, राखी, रवेली, अमेरी, गभरा, और छोटे व बड़े औरी जैसे क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ होगी। इससे न केवल 3488 घरेलू और 993 कृषि उपभोक्ताओं को ओवरलोडिंग की समस्या से मुक्ति मिलेगी, बल्कि उन्हें भविष्य में समुचित वोल्टेज और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। इस दौरान अधीक्षण अभियंता आरके मिश्रा, कार्यपालन अभियंता बीपी दीपक, धर्मेन्द्र भारती, एसके राय, सहायक अभियंता दुजेंद्र गजपाल, कमलेश साहू आदि मौजूद थे।

# स्लैग गैलरी से एमआरडी चौक तक आकर्षक पेंटिंग्स



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिविल इंजीनियरिंग विभाग (सीईडी) द्वारा सुरक्षा जागरुकता के लिए गैरेज रोड, स्लैग गैलरी से एमआरडी चौक तक की दीवारों पर आकर्षक वॉल पेंटिंग का कार्य किया गया है। चित्रों में सुरक्षा संबंधी संदेश दिया गया है। फाउंड्री सर्कल से आरसीएल टर्निंग तक स्थानीय कला को सुरक्षा विषयों के साथ संयोजित किया गया है। इसी तरह की पेटिंग्स नर्सरी से यूआरएम टर्निंग प्वाइंट तक अगली वॉल पेंटिंग का कार्य प्रस्तावित है। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक महाप्रबंधक मार्टि कमैया चित्रों म योगदान रहा है। विभाग प्रमुख और महाप्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि सौंदर्यीकरण और सुरक्षा जागरुकता के लिए यह कलात्मक प्रयास अन्य क्षेत्रों में भी किया जाएगा।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
वात रोग › घुटने के दर्द › पीठ व कमर दर्द › स्पॉन्डिलाइटिस › लिगामेंट के दर्द
› साइटिका › गोल्फ एल्बो › फ्रोजन शोल्डर › शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

## जनता को भ्रमित करने की साजिश नहीं होगी सफल : अजय साहू

**बेमेतरा।** नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम संबलपुर में मंत्री दयाल दास बघेल का पुतला जलाए जाने



के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू ने बयान में कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में जमीन खिसकने से बौखलाई कांग्रेस अब आपराधिक मामलों में लिप्त लोगों का सहारा लेकर अपनी राजनीतिक जमीन तलाश रही है। अजय साहू ने कांग्रेस नेता गुरुदयाल सिंह बंजारे पर सीधा पलटवार करते हुए उन्हें "बाहरी व्यक्ति" करार दिया। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति के सहारे जनता में भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है, वह प्रयास नवागढ़ की जागरूक जनता पर असर नहीं डालेगा। भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि गुरुदयाल सिंह बंजारे के पांच साल के कार्यकाल में जनहित की जगह आपराधिक तंत्र को बढ़ावा मिला। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि उनके समर्थक प्रिंस डेहरे के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें 2021 में मंत्री बघेल के घर और वाहन में तोड़फोड़, मुलमुला कांड में डकैती, चोरी और मारपीट जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं।

## गो सम्मान आह्वान अभियान 27 अप्रैल को सौपेंगे ज्ञापन

**थान खम्हरिया।** गो सम्मान आह्वान अभियान' के तहत 27 अप्रैल एक शांतिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस संबंध में श्रीराम सेवा सत्संग मानस समिति, थान खम्हरिया एवं मानस संघ ब्लॉक साजा द्वारा तहसीलदार को कार्यक्रम की अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आयोजकों के अनुसार, यह अभियान देशभर में भारतीय देशी गोवंश के संरक्षण, सुरक्षा एवं उन्हें 'राष्ट्रमाता' का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर चलाया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 27 अप्रैल को सुबह 11 बजे सभी कार्यकर्ता जमात मंदिर में एकत्रित होंगे। इसके बाद रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचकर दोपहर 11 बजे ज्ञापन सौंपा जाएगा। आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया जाएगा तथा शासन-प्रशासन के सभी नियमों और शांति व्यवस्था का पूर्ण पालन किया जाएगा। साथ ही प्रशासन से कार्यक्रम की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध भी किया गया है।

## दिनदहाड़े एक्टिवा चोरी

**भिलाई।** शहर में वाहन चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। सुपेला थाना क्षेत्र के स्मृति नगर चौकी अंतर्गत दीन दयाल कॉलोनी में दिनदहाड़े एक एक्टिवा चोरी का मामला सामने आया है। घर के बाहर खड़ी स्कूटी को अज्ञात चोर पार कर ले गया। पुलिस ने धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पीड़िता संगीता देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके नाम पर पंजीकृत एक्टिवा क्रमांक सीजी 07 सीवाय 2892 का उपयोग उनका बेटा पंकज सिंह ड्यूटी आने-जाने के लिए करता है। रोज की तरह 21 अप्रैल की सुबह भी वाहन घर के नीचे ई-ब्लॉक की पार्किंग में खड़ा था।

### बेरला बना सट्टे का गढ़, पुलिस-साइबर तंत्र नाकाम, रोज लाखों का खेल

# नगर से गांव तक फैला सट्टे का नेटवर्क, युवाओं का भविष्य दांव पर, कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला

जिले के पुलिस अनुविभागीय मुख्यालय बेरला क्षेत्र में इन दिनों सट्टेबाजी का अवैध कारोबार तेजी से पैर पसार चुका है। हालात ऐसे बन चुके हैं कि नगर से लेकर दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक इसका संगठित नेटवर्क सक्रिय है। स्थानीय सूत्रों की मानें तो क्षेत्र में करीब आधा दर्जन से अधिक ऐसे हॉटस्पॉट हैं, जहां रोजाना लाखों रुपये का दांव लगाया जा रहा है। शासन और पुलिस विभाग की ओर से सट्टे के खिलाफ सख्ती के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। खुलेआम चल रहे इस खेल ने पुलिस और साइबर तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, सट्टेबाजी का यह कारोबार अब पारंपरिक तरीके से आगे बढ़कर संगठित नेटवर्क का रूप ले चुका है। इसमें मोबाइल फोन, मैसेजिंग ऐप्स और स्थानीय एजेंटों (फड़ संचालकों) का उपयोग किया जा रहा है।

हर इलाके में छोटे-छोटे 'फड़' संचालित हो रहे हैं, जो बड़े 'खाईवाल' से जुड़े होते हैं। ये खाईवाल ही पूरे नेटवर्क को नियंत्रित करते हैं और प्रतिदिन लाखों रुपये का लेन-देन उनके माध्यम से होता है। सूत्र बताते हैं कि समय-समय पर लोकेशन बदलकर और गोपनीय तरीके अपनाकर यह नेटवर्क पुलिस की नजरों से बचने में कामयाब हो रहा है। युवा पीढ़ी पर सबसे ज्यादा असर, सामाजिक ताना-बाना हो रहा प्रभावित इस अवैध कारोबार का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि इसकी चपेट में बड़ी संख्या में युवा आ रहे हैं। बेरोजगारी और जल्दी पैसा कमाने की चाह में युवा वर्ग सट्टे की लत का शिकार हो रहा है। कई मामलों में युवाओं द्वारा कर्ज लेकर सट्टा खेलने की बात भी सामने आ रही है, जिससे पारिवारिक विवाद और आर्थिक संकट बढ़ रहे हैं। स्थानीय बुद्धिजीवियों का मानना है कि यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले समय में इसका असर क्षेत्र के सामाजिक ताने-बाने पर गंभीर रूप से पड़ेगा।




### कार्रवाई की जाएगी

इस पूरे मामले पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) बेरला विनय कुमार का कहना है इस संबंध में जानकारी लेकर विधिवत त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

### छोटे मोहरे पकड़े, बड़े खिलाड़ी अब भी बाहर

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। छोटे स्तर के सटोरियों को पकड़कर कार्रवाई दिखा दी जाती है, जबकि मुख्य संचालक यानी बड़े 'खाईवाल' अब भी पुलिस और साइबर टीम की पकड़ से बाहर हैं। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होती, जिससे सटोरियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आ रही है कि यह अवैध गतिविधि पुलिस अनुविभागीय कार्यालय (एसडीओपी) के आसपास तक सीमित नहीं, बल्कि वहीं के आसपास भी संचालित हो रही है। ऐसी स्थिति में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर किसके संरक्षण में यह पूरा नेटवर्क बेखौफ होकर चल रहा है। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है, लेकिन जनचर्चा का विषय जरूर बना हुआ है।

### ग्रामीणों और नागरिकों में बढ़ता आक्रोश

क्षेत्र के ग्रामीणों और नागरिकों में इस मुद्दे को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि सट्टे के कारण क्षेत्र में अपराध की घटनाओं में भी वृद्धि हो सकती है। कई सामाजिक संगठनों ने भी प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द ही इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या प्रशासन इस संगठित अवैध कारोबार पर वास्तव में लगाम लगा पाएगा, या फिर बेरला क्षेत्र में सट्टे का यह खेल इसी तरह 'दिन दूनी, रात चौगुनी' रफ्तार से फलता-फूलता रहेगा?

## शासन की योजनाओं का लाभ हर छात्र तक पहुंचे : डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी एवं सहायक संचालक शिक्षा विभाग एस.पी. कोशले ने जिले के सभी अशासकीय (निजी) विद्यालयों के संस्था प्रमुखों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विद्यालय संचालन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं, शासन के दिशा-निर्देशों और आवश्यक प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए पात्र एवं अपात्र विद्यार्थियों की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही निजी विद्यालयों की मान्यता, उच्च कार्यालय के आदेशों का पालन, तथा आरटीई शुल्क समिति के गठन एवं शुल्क वृद्धि को शासन के निर्धारित मानकों के अनुसार रखने पर जोर दिया गया।

■ निजी विद्यालयों की समीक्षा बैठक

इसके अलावा क्रीड़ा, रेड क्रॉस, स्काउट से संबंधित शुल्क, पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश की राशि, तथा शासन स्तर पर जमा किए जाने वाले विभिन्न शुल्कों के संबंध में भी विस्तृत चर्चा हुई। सभी संस्था प्रमुखों को शासन के नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में परीक्षा परिणाम सुधारते हुए अधिक से अधिक छात्रों को मेरिट सूची में लाने, तथा शासन द्वारा आयोजित गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। यू-डाइस पोर्टल में सभी विद्यार्थियों की अनिवार्य एंट्री एवं एमबीयू कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

### समग्र विकास को ध्यान में रखकर कार्य किया जाए

साथ ही विद्यार्थियों के जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र 100% बनवाने पर विशेष जोर देते हुए प्रक्रिया की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निजी विद्यालयों में सीबीएसई एवं राज्य बोर्ड के बीच किसी प्रकार का भेदभाव न रखते हुए जिले के समग्र विकास को ध्यान में रखकर कार्य किया जाए। अंत में डीईओ जी.आर. चतुर्वेदी ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक छात्र तक समय पर पहुंचना सुनिश्चित किया जाए।

## जेवरी-मटका की बैठक में कांग्रेस को मजबूत बनाने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

ब्लॉक के जिया मंडल अंतर्गत ग्राम जेवरी एवं मटका में आयोजित कांग्रेस कमेटी की बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। बैठक के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर जोर दिया।

पूर्व विधायक छाबड़ा ने कहा कि बूथ एवं पंचायत स्तरीय कांग्रेस कमेटियों का गठन शीघ्र किया जाए और इसमें स्थानीय कार्यकर्ताओं की सलाह व स्वीकार्यता को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की असली ताकत उसका कार्यकर्ता है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखता है और जनहित के मुद्दों पर सरकार से संघर्ष करने में पीछे नहीं हटता। उन्होंने पदाधिकारियों से संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य करने और उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। छाबड़ा ने कहा कि वर्तमान समय में कांग्रेस आम जनता की उम्मीदों का केंद्र है, ऐसे में कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। संगठन को प्रत्येक बूथ स्तर पर पहले से अधिक मजबूत बनाने के लिए अनुभवी और युवा कार्यकर्ताओं को अवसर दिए जा रहे हैं तथा आम जनता से निरंतर संपर्क बनाए रखने के निर्देश भी दिए जा रहे हैं। बैठक को जिला कांग्रेस प्रभारी सुनील माहेश्वरी ने भी संबोधित किया और कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रभारी सुमन गोस्वामी, शशि प्रभा गायकवाड, जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष जिया भावसिंह राज, मंडल प्रभारी बहल वर्मा, ललित विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। साथ ही बसंत जोशी, प्रकाश साहू, सरपंच प्रताप साहू, दिनेश जोशी, कृष्ण यादव, हेमलाल साहू, कमलेश साहू, बिरेंद्र लहरें, गोवर्धन यदु, चंद्रिका साहू, हीरालाल यदु, अनिल यदु, सनत यदु, चितरेदन वर्मा, मोहित वर्मा, सुखराम वर्मा, देवचरण साहू, राजकुमार बंजारे, पवन साहू, डॉ. तीरथ राम साहू, मनोज शर्मा, चेतन पांडे, द्वारिकाप्रसाद पांडे, रामकुमार सेन, अनिल मोहन साहू, हेम कुमार, सुरेंद्र वर्मा, प्रेम वर्मा, रामधन वर्मा, नंदकुमार निवारे, पिलायराम देवांगन, लक्ष्मण सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तैलिक समाज एसोसिएशन के शत्रुहन सिंह साहू बने प्रांतीय संगठन प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

सर्व तेली समाज की वैधानिक एवं पंजीकृत राष्ट्रीय संस्था तैलिक समाज एसोसिएशन द्वारा संगठन विस्तार के प्रथम चरण में महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। केंद्रीय कोर कमेटी के अनुमोदन के पश्चात छत्तीसगढ़ प्रांत में शत्रुहन सिंह साहू (बेमेतरा) को प्रदेश संगठन प्रभारी नियुक्त किया गया है।



संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बताया कि यह निर्णय संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने तथा समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया है। नव-नियुक्त प्रांतीय संगठन प्रभारी साहू प्रदेश में संगठन की गतिविधियों को गति देने, सामाजिक समरसता, जागरूकता एवं विकासोन्मुख कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन की जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्हें बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से ललित राम साहू, दीनू साहू, हेमराज साहू, भागवत साहू, लक्ष्मण साहू, संतोष साहू, देवेंद्र साहू, प्रमोद साहू, दिलीप साहू, कामेश साहू, सुरेश साहू, जुगल साहू, जितेंद्र साहू, नरेश साहू, प्रकाश साहू, विकास साहू, गणेश साहू, छोटेलाल साहू सहित समस्त तेली समाज के लोग शामिल हैं। सभी ने आशा व्यक्त की है कि शत्रुहन सिंह साहू के नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और समाज को मजबूत दिशा मिलेगी।

## ग्राम गोढ़ीकला में विशेष ग्राम सभा का आयोजन, जनगणना जागरूकता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



ब्लॉक नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत गोढीकला, कंवराकांपा में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरपंच, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को जनगणना के महत्व से अवगत कराया गया।

सभा में सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे 16 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हुए स्व-गणना कार्य में पूरे उत्साह, जिम्मेदारी और आत्मविश्वास के साथ भाग लें, ताकि सटीक और पूर्ण जानकारी उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम में उपस्थित एसडीएम दिव्या पोटाई ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि देश के समग्र विकास के लिए सटीक आंकड़ों का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जनगणना के माध्यम से प्राप्त जानकारी के आधार पर ही सरकार विभिन्न योजनाओं का निर्माण करती है, जिससे हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। इस दौरान आम नागरिकों की सामान्य जानकारी एकत्रित की जाएगी, जो पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और देश के विकास की कार्ययोजना बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ग्राम सभा के दौरान सरपंच सनत राजपूत सहित उपस्थित नागरिकों द्वारा स्वयं HYPERLINK http://census.gov.in census.gov.in पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना भी की गई। इस पहल से ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ी और उन्होंने जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

## सरकारी जमीन पर कब्जे से ग्रामीणों का फूटा गुस्सा




**साजा।** अतिक्रमण को लेकर गांव गांव में आक्रोश पनपने लगा है। गाय पिपरिया के सैकड़ों ग्रामीण शुक्रवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार से तत्काल अतिक्रमण हटाने का ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण ने बताया कि समिति के लिए और आरक्षित जगह में सरपंच के रिश्तेदार का कब्जा है। बाकी गांव वालों ने अपनी कब्जे हटा दिए लेकिन सरपंच के रिश्तेदार का अतिक्रमण नहीं हटाया गया है इसके पहले भी माह अक्टूबर में अतिक्रमण हटाने के लिए आवेदन दिया गया था लेकिन कार्रवाई आज तक नहीं हुई। इस बात से आक्रोषित ग्रामीण तपती गर्मी में तहसीलदार से मिलने साजा पहुंचे 3 दिन के भीतर अतिक्रमण नहीं हटा तो सभी शिकायतकर्ता तहसील कार्यालय के समक्ष धरना देने का ऐलान किया। ग्रामीणों के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता मूलचंद शर्मा अध्यक्ष विनोद शर्मा ने भी ग्रामीणों की मांग को जायज बताते हुए धरना का समर्थन किया। आज आवेदन देने वालों में युवराज साहू, जोहन साहू, तिलक राजेश कुमार, लक्ष्मण साहू सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। विनोद बजारे तहसीलदार साजा ने कहा की अतिक्रमण की शिकायत ग्रामीणों ने की है पंचायत प्रस्ताव मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

## पंचायत पदाधिकारियों ने आंचल वर्मा का किया सम्मान

**बेमेतरा।** विशेष ग्राम सभाओं के तहत ग्राम पंचायत कतेली में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला कतेली में पदस्थ शिक्षिका आंचल वर्मा का सम्मान किया गया। श्रीमती वर्मा को वर्ष 2026 के लिए बेमेतरा जिले से राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार हेतु



नामित किए जाने पर यह सम्मान प्रदान किया गया। ग्राम सभा में राज्य स्तर पर सम्मानित होने वाले ग्राम से जुड़े व्यक्तियों के सम्मान का प्रावधान रखा गया था, जिसके अंतर्गत यह सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच महावीर वर्मा, उपसरपंच चपेश्वर वर्मा एवं ग्राम सचिव साहू जी द्वारा श्रीमती वर्मा को श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक-शिक्षिकाएं, पंचायत प्रतिनिधि, पंचगण तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सम्मान प्राप्त करने के पश्चात शिक्षिका श्रीमती आंचल वर्मा ने कहा कि विद्यालय के विकास कार्यों में ग्राम पंचायत का उन्हें हमेशा सहयोग मिलता रहा है।

उन्होंने पंचायत पदाधिकारियों, स्कूल स्टाफ एवं अपने प्रधान पाठक (प्रधान शिक्षक) के मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही वे नवाचार गतिविधियां संचालित कर सकीं और आज इस सम्मान के योग्य बनी हैं।

### समाधान महाविद्यालय में 5 दिवसीय चेतना विकास मूल्य शिक्षा प्रशिक्षण का समापन

# प्रशिक्षण में मिली सीख जीवन में उतारें और करें सार्थक: डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

समाधान महाविद्यालय में जेवरी संकुल के अंतर्गत आने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए आयोजित चेतना विकास मूल्य शिक्षा विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज समापन हुआ। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया और उन्होंने अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी, महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी, डाइट बेमेतरा के सहायक प्राध्यापक परस राम साहू, जीवन विद्या प्रभारी थलज कुमार साहू, पूर्व डीएमसी राजकुमार वर्मा, आधार महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल, सहायक प्राध्यापक डॉ. भावना मलिक एवं मानव तीर्थ किरितपुर के प्रबोधक राममिलन यादव सहित अन्य



उपस्थित रहे। डीईओ जी.आर. चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन में अक्षरशः उतारना ही इसकी सार्थकता है। उन्होंने कहा कि जीवन विद्या जीवन जीने की कला है, जिसके माध्यम से जीवन को सहज, सरल और सुखमय बनाया जा सकता है। उन्होंने शिक्षकों से इस ज्ञान को परिवार और विद्यालय में लागू करने का आह्वान किया। मानव तीर्थ किरितपुर से आए प्रबोधक राममिलन यादव ने कहा कि जीवन दो प्रकार से जिया जाता है मानकर और जानकर। मानकर जीने में भ्रम की संभावना रहती है, जबकि जानकर जीने से विश्वास और स्थायी सुख प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जीवन और शरीर का सम्मिलित रूप ही मानव है तथा मानव का जीवन कार्य और व्यवहार के संतुलन पर आधारित होता है। सहायक प्राध्यापक डॉ. भावना मलिक ने कहा कि रूप, धन, पद और भौतिक साधनों से मिलने वाला सुख क्षणिक होता है।

स्थायी सुख सही समझ और संतुलित दृष्टिकोण में निहित है। उन्होंने चेतना विकास मूल्य शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक प्रभाव मानसिकता में परिवर्तन से आता है। शिक्षक का दायित्व केवल पढ़ाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में संवेदनशीलता और चरित्र का निर्माण करना भी है। उन्होंने बताया कि सही समझ विकसित होने पर ही व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं और संसाधनों के संतुलन को समझ पाता है।

### प्रकृति और मानव के संतुलन पर विशेष जोर

प्रशिक्षण में प्रकृति की चार अवस्थाओं, मानव संबंधों के सात प्रकार और जीवन में संतुलन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही यह बताया गया कि असंतुलन के कारण ही वैश्विक समस्याएं जैसे ग्लोबल वार्मिंग उत्पन्न होती हैं।कार्यक्रम में हरनारायण रात्रे, मीना तिवारी, शांति देवांगन, उमाभारती साहू, रुखमणी साहू, नीरा साहू, रामेश्वरी देवांगन, प्रवीण चंद्र पाठक, संतोष सोनवानी, शैलेन्द्र सिंह राजपूत, बालहरि देवांगन, यामिनी साहू, युगल किशोर शर्मा सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

